# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–26.06.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने गए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य दलों के नेताओं ने दी बधाई।**
2. **नीट–यूजी पेपर लीक मामले में हजारीबाग पहुंची सीबीआई, गहन पूछताछ के बाद ओएसिस स्कूल के प्राचार्य को अपने साथ ले गयी जांच टीम, एसबीआई शाखा में भी की छानबीन।**
3. **मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने धनबाद में तीन अरब से ज्यादा की विकास योजनाओं का किया उदघाटन और शिलान्यास, कहा–अगले माह से शुरु होगी बहन–बेटी सम्मान योजना।**
4. **राजधानी रांची और पलामू समेत राज्य के नौ जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान तेज हवा के साथ भारी बारिश का अलर्ट, कोडरमा में वज्रपात से दो बच्चों की मौत। और**
5. **रांची में तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरु, चार सौ पुलिसकर्मी ले रहे हैं हिस्सा।**

***************

भाजपा सांसद ओम बिरला ध्वनिमत से आज 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। विपक्ष ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया था लेकिन उसने सदन में मत विभाजन की मांग नहीं की। चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू श्री बिरला को अध्यक्ष के आसन तक ले गए। अपने संबोधन में श्री बिरला ने दोबारा सदन के अध्यक्ष के रूप में काम करने का अवसर देने और उन पर विश्वास जताने के लिए सदन के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इससे पहले प्रधानमंत्री ने श्री बिरला को उनके निर्वाचन पर बधाई देते हुए कहा कि श्री बिरला के दूसरी बार निर्वाचित होने से आज इतिहास बना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांसद के रूप में श्री बिरला के कार्य नये सदस्यों के लिए प्रेरणास्रोत होंगे।

***************

नीट परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच के लिए सीबीआई की टीम झारखंड पहुंची है। सीबीआई की टीम ने आज ओएसिस स्कूल में अपनी  दबिश दी। सीबीआई के अधिकारियों ने ओएसिस स्कूल के प्राचार्य एहसान उल हक और अन्य कर्मियों से गहन पूछताछ की। करीब सात घंटे की पूछताछ के बाद सीबीआई की टीम प्राचार्य को अपने साथ लेकर रवाना हो गयी। जांच टीम ने प्राचार्य को गिरफ्तार किया है या हिरासत में लिया है, इसकी पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। इससे पहले सीबीआई की टीम ने एसबीआई की हजारीबाग शाखा में भी जांच की।

***************

राज्य में जुलाई माह से मुख्यमंत्री बहन–बेटी सम्मान योजना की शुरुआत होगी। इसके तहत 25 से 50 वर्ष  की युवतियों और महिलाओं को सरकार की ओर से सहयोग राशि दी जाएगी। आज धनबाद के बिरसा मुंडा मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने इसकी घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके साथ ही अगले महीने से राज्य के लोगों को 15 लाख रुपए तक की अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना का भी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अगस्त–सितंबर से बड़े स्तर पर बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की भी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने धनबाद को तीन अरब तेरह करोड़ छियानबे लाख रुपए की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कुल 187 योजनाओं का शिलान्यास और 165 योजनाओं का उद्घाटन किया। मौके पर विभिन्न लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो और झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

***************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए सभी राज्यों का समग्र विकास महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऐसे समावेशी विकास की बात कही, जिसमें हर वर्ग और समुदाय की जरूरतें पूरी हो। वे आज रांची स्थित कृषि विश्वविद्यालय के 44वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के कारण खाद्यान्न की आवश्यकताएं बढ़ रही हैं और कृषि–भूमि घट रही है। कृषि विश्वविद्यालय का खाद्यान्न की जरूरतों को पूर्ण करने की दिशा में अहम दायित्व है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में नशा मुक्ति अभियान को व्यापक जन अभियान बनाने का प्रयास किया गया है।

***************

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची और पलामू समेत नौ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा भी चलने की संभावना है। इसके साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम केंद्र ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि 28 जून को पलामू प्रमंडल के अलावा रांची और आसपास के कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। 29 जून को भी संताल के साथ–साथ राजधानी और आसपास में भारी बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र ने राजधानी में एक जुलाई तक बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। उधर, कोडरमा जिले के तिलैया बस्ती गौतम बुद्ध नगर में आज आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई।

***************

राजधानी रांची के कांके रोड स्थित नवीन पुलिस केंद्र खेल मैदान में आज से तीन दिवसीय दक्षिणी छोटा नागपुर क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता शुरु हो गयी है। इस प्रतियोगिता में पांच जिलों के लगभग 400 पुलिसकर्मी खिलाड़ी के रूप में शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन के मौके पर रांची के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरिथरे, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

***************

दुमका के एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय काठीजोरिया की दो आदिवासी बालिकाओं मेरी मुर्मू और अंशु टुडू का चयन उत्तराखण्ड के पिथौरगढ़ में होने वाले एनसीसी के 10 दिवसीय रॉक क्लाईबिंग कैंप के लिए किया गया है। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह ने बताया कि दोनों कैडेट्स इस कैंप में भाग लेने के लिए रवाना हो गयी हैं।

***************

गुमला जिले सिकछा कर भेंट गतिविधि के तहत बाइस आवासीय विद्यालयों में सपनों की उड़ान नामक साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इस साइन्स ओलंपियाड में लगभग 1200 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कल उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर बालक और बालिका वर्ग में 25–25 सर्वश्रेष्ठ बच्चों का चयन किया जाएगा एवं उत्कृष्ट बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

***************

झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत आज जामताड़ा स्थित जेबीसी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिले की उपायुक्त कुमुद सहाय ने इसका उद्घाटन किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय शंकर झा भी मौजूद रहे।

**********समाप्त**********